संगीत नाटक अकादेमी

वार्षिक रिपोर्ट 1995–96

विषय सूची

परिशिष्ट

प्रबन्धात्मक गठन

संगीत नाटक अकादेमी-संगीत, नृत्य और नाटक की राष्ट्रीय अकादेमी-की स्थापना वर्ष 1953 में भारत की प्रदर्शनकारी कलाओं को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए की गई थी। इस कार्य के लिए अकादेमी राज्यों की प्रतिस्थानी संगीत नाटक अकादेमियों और देश भर में फैले स्वैच्छिक संगठनों को सहयोग प्रदान करती है। देश के विभिन्न भागों में प्रख्यात अनुभवी कलाकारों के साथ-साथ युवा पीढ़ी के प्रतिभावान कलाकारों के निःशुल्क प्रदर्शनों की व्यवस्था करके, छात्रवृत्तियों द्वारा पोषित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को चलाकर तथा प्रलेखन और प्रसार के द्वारा अकादेमी संगीत, नृत्य और नाटक के प्रति सामान्यजनों की अभिरुचि को बढ़ावा देती है और भारतीय प्रदर्शनकारी कलाओं की सर्वत्र श्रीवृद्धि के लिए विचारों और तकनीकों का तात्कालिक आदान-प्रदान करती है। अकादेमी के उद्देश्यों का और अधिक विस्तृत उल्लेख अकादेमी के संगम ज्ञापन (उदधरण : परिशिष्ट-1) में किया गया है।

अकादेमी सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है और एक स्वायत्त संगठन के रूप में कार्य करती है। इसका वित्त-पोषण भारत सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा किया जाता है।

अकादेमी का प्रबंध इसकी महापरिषद करती है। अकादेमी के कार्यकलापों का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण इसका कार्यकारिणी मंडल करता है जिसकी सहायता के लिए वित्त, अनुदान, प्रकाशन और अन्य समितियां बनी हुई हैं (परिशिष्ट-2)।

अकादेमी का अध्यक्ष भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है जिसका कार्यकाल पांच वर्ष का होता है। उपाध्यक्ष का चुनाव महापरिषद द्वारा अपने सदस्यों में से पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए किया जाता है। 1995-96 के दौरान श्री जमशेद ज. भाभा अकादेमी के अध्यक्ष थे और डा. प्रेम लता शर्मा उपाध्यक्ष।

अकादेमी का प्रधान कार्यकारी अधिकारी इसका सचिव होता है और उसकी सहायता के लिए ग्यारह उप सचिव हैं जिनमें कथक केंद्र तथा जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी के निदेशकों सहित उपसचिव (वित्त तथा लेखा), तथा संगीत, नृत्य, नाटक तथा प्रलेखन, प्रकाशन के उप सचिव और अकादेमी का पुस्तकाध्यक्ष शामिल हैं। अकादेमी का पंजीकृत कार्यालय रवींद्र भवन, नई दिल्ली में स्थित है।

कथक केन्द्र, दिल्ली और जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी इम्फाल अकादेमी द्वारा संचालित प्रशिक्षण संस्थाएं हैं। इन दोनों संस्थाओं का प्रबंधन अकादेमी के कार्यकारिणी मंडल के हाथ में है और इस कार्य में उसकी सहायता के लिए इन घटक इकाइयों की सलाहकार समितियां बनी हुई हैं। इन संस्थाओं के क्रियाकलापों का ब्यौरा इस वार्षिक रिपोर्ट में दिया गया है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कार्यकारिणी मंडल, महा-परिषद और कार्यकारिणी मंडल द्वारा गठित विभिन्न समितियों, यथा-वित्त समिति, अनुदान समिति और प्रकाशन समिति की बैठकें आयोजित की गईं। जवाहर लाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी इम्फाल की सलाहकार समिति और रंगमंच, नृत्य और प्रलेखन तथा अभिलेखागार से संबंधित सलाहकार समितियों की बैठकें भी आयोजित की गई थीं। इन बैठकों का विवरण परिशिष्ट-3 में दिया गया है। महापरिषद की बैठक 26 अप्रैल, 1995

को हुई जिसमें प्रदर्शनकारी कलाओं के क्षेत्र के 28 प्रख्यात व्यक्तिओं को वर्ष 1994 के लिए अकादेमी की रत्नसदस्यता और पुरस्कारों के लिए चुना गया। इन पुरस्कारों के लिए मानप्रदान समारोह 16 अक्तूबर, 1995 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया।

वर्ष के दौरान संगीत, नृत्य और नाटक की प्रस्तुतियों को विचार-विमर्श और व्याख्यान-निदर्शन के जरिए नए आयाम देने का कार्य जारी रहा। कुछ उत्सवों का आयोजन विशेष रूप से अभिकल्पित किया गया था और उन्हें अकादेमी के अभिलेखागार के लिए रिकार्ड किया गया। कार्यक्रमों, साक्षात्कारों, कार्यशालाओं और प्रख्यात गुरुओं, संगीतज्ञों और युवा कलाकारों के प्रदर्शनों की व्यापक रिकार्डिंग उनके पुरालेखी महत्त्व को ध्यान में रखकर की गई। ऐसे कार्यक्रमों के लिए सहायता प्रदान की गई, जिनकी रिकार्ड की गई और छायाचित्रों की सामग्री अकादेमी के अभिलेखागार में जोड़ी जा सकती है।

परंपरागत कलाओं के गुरुओं के साथ बुनियादी और उच्च स्तरों पर प्रशिक्षण के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए, अतिरिक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए थे। ऐसा प्रस्ताव है कि विभिन्न कला विषयों के गुरुओं और आचार्यों को समर्थन प्रदान करके प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या में वृद्धि की जाए। ये गुरु और आचार्य कुछेक चुनिन्दा छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, अकादेमी दवारा आयोजित प्रमुख कार्यक्रमों का विवरण परिशिष्ट-4 में दिया गया है।

अकादेमी पुरस्कार और रत्नसदस्यता 1994

संगीत नाटक अकादेमी की महापरिषद की बैठक दिल्ली में 26 अप्रैल 1995 को हुई जिसमें वर्ष 1994 के लिए अकादेमी की वार्षिक रत्नसदस्यता और पुरस्कारों के लिए 28 कलाकारों को चुना गया। ये सम्मान जिनमें 25,000/- रुपये एक अंगवस्त्र और एक ताम्रपत्र सन्निहित हैं, भारत के राष्ट्रपति, डॉ0 शंकर दयाल शर्मा द्वारा 16 अक्तूबर, 1995 को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित मानप्रदान समारोह में उक्त कलाकारों को प्रदान किए गए। सम्मानित कलाकारों में से तीन ने अकादेमी की रत्नसदस्यता प्राप्त की। 24 पुरस्कारों में से ग्यारह संगीत, सात-सात नृत्य और रंगमंच के लिए प्रदान किए गए (एक पुरस्कार संयुक्त पुरस्कार था)। वर्ष 1994 के रत्नसदस्यों और पुरस्कार विजेताओं की सूची नीचे दी जा रही है :

रत्नसदस्यता

लार्ड यहूदी मेनुहिन
उस्ताद बिस्मिल्लाह खां
प्रो. महेश्वर नेओग

पुरस्कार

संगीत

सुलोचना बृहस्पति: हिंदुस्तानी संगीत (गायन)

जिया फरीदुद्दीन डागर : हिंदुस्तानी संगीत (गायन)

गोपाल कृष्ण : हिन्दुस्तानी वाद्यसंगीत (विचित्र वीणा)

शमीम अहमद खां : हिन्दुस्तानी वाद्यसंगीत (सितार)

रघुनाथ सेठ : हिन्दुस्तानी वाद्यसंगीत (बांसुरी)

सी.एस. कृष्ण अय्यर : कर्नाटक संगीत (गायन)

दंडमूडि राममोहन राव : कर्नाटक वाद्यसंगीत (मृदंगम्)

ए. के. सी. नटराजन : कर्नाटक वाद्यसंगीत (क्लैरिनेट)

बी बलसारा : सर्जनात्मक संगीत

नृत्य

वी. पी. धनञ्जयन एवं शांता धनञ्जयन : **भरतनाट्यम**
टी. नदिया सिंह : मणिपुरी
वेदान्तम पार्वतीशम : कूचिपूड़ि
कुमकुम मोहन्ती : ओडिसी
कलामण्डलम् वी. सत्यभामा : मोहिनीआट्टम
कनक रेले : नृत्य में समग्र योगदान

नाटक

बालप्पा येणागि : अभिनय
उजरा बट्ट : अभिनय
सतीश आलेकर : नाट्यलेखन
के. वी. सुब्बन्ना : नाटक में समग्र योगदान
कनिष्क सेन : प्रकाश रूपांकन

संगीत/नृत्य/रंगमंच के अन्य कलारूप

एस. थानिल सिंह : नट-संकीर्तन (पुंग)
यमुनाबाई बाईकर : लावणी, महाराष्ट्र
पी. के. नारायणन नम्बियार : मिषाव, केरल
एम. बॉयर : तियात्रो, गोवा

मानप्रदान समारोह के पश्चात् छह दिवसीय उत्सव आयोजित किया गया था जिसमें कुछेक पुरस्कृत कलाकारों ने भाग लिया। यह उत्सव कमानी सभागार दिल्ली में 16 से 21 अक्तूबर 1995 तक आयोजित किया गया था जिसका कार्यक्रम निम्न प्रकार था :

16 अक्तूबर, 1995
उस्ताद बिस्मिल्लाह खां : शहनाई

17 अक्तूबर, 1995
सुलोचना बृहस्पति : गायन
गोपाल कृष्ण : विचित्र वीणा

18 अक्तूबर, 1995
रघुनाथ सेठ : बांसुरी
शमीम अहमद खां : सितार

19 अक्तूबर, 1995
ए. के. सी. नटराजन : क्लैरिनेट
दंडमूड़ि राममोहन राव : मृदंगम

कनक रेले और नालन्दा नृत्य कला महाविद्यालय के कलाकार : मोहिनीआट्टम **एवं** भरतनाट्यम

20 अक्तूबर, 1995
कुमकुम मोहन्ती : ओडिसी
कलामंडलम वी. सत्यभामा एवं शिष्य : **मोहिनी** आट्टयम

21 अक्तूबर, 1995
एस. थानिल सिंह एवं शिष्य : पुगंवादन
वी.पी. धनञ्जयन एवं शांता धनञ्जयन एवं **शिष्य :** भरतनाट्यम तथा त्यागराज वैभवम् के अंश

लार्ड यहूदी मेनुहिन

उस्ताद बिस्मिल्लाह खां

प्रो. महेश्वर नेओग

सुलोचना बृहस्पति

जिया फरीदुद्दीन डागर

गोपाल कृष्ण

शमीम अहमद खां

रघुनाथ सेठ

सी.एस. कृष्ण अय्यर

दंडमूडि राममोहन राव

ए. के. सी. नटराजन

बी बलसारा

वी. पी. धनञ्जयन

शांता धनञ्जयन

टी. नदिया सिंह

वेदान्तम पार्वतीशम

कुमकुम मोहन्ती

कलामण्डलम् वी. सत्यभामा

कनक रेले

बालप्पा येणागि

उज़रा बट्ट

सतीश आलेकर

के. वी. सुब्बन्ना

कनिष्क सेन

एस. थानिल सिंह

यमुनाबाई वाईकर

पी. के. नारायणन नम्बियार

एम. बॉयर

राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा द्वारा संगीत नाटक अकादेमी की रत्नसदस्यता के लिए सम्मानित किए जाने पर लार्ड यहूदी मेनुहिन उनसे ताम्रपत्र और शाल प्राप्त करते हुए।

दिल्ली में 16 अक्तूबर 1995 को आयोजित पुरस्कार समारोह में अकादेमी के रत्नसदस्य उस्ताद बिस्मिल्लाह खां बांसुरी वादन करते हुए।

कार्यशालाएं एवं समारोह

नाटककार कार्यशालाएं : तमिल एवं गुजराती

जनवरी, 1995 में आयोजित तमिल नाटक कार्यशाला भारतीय भाषाओं में नाटककार कार्यशालाओं की योजना के अधीन नाटककारों के लिए प्रथम कार्यशाला थी। लेखकों से नाटकों की रचनाएं भेजने के लिए अनुरोध किया गया था जिनमें से विशेषज्ञ समिति दवारा अंतिम चयन किया गया था। कार्यशाला में प्रस्तुति के लिए एस0 मलईचामी के नाटक "मुनि" और देवी भारती के नाटक "मूनरावत्तू विला एलुमबुम विझुतुहलात्रा अलमरमुम" दो नाटकों को चुना गया। बाद में अकादेमी के तत्त्वाधान में इन नाटकों का मंचन तंजावूर, पांडिचेरी और मद्रास में क्रमश: 7 जुलाई 19 अगस्त और 3 सितंबर 1995 को किया गया। "मुनि" नाटक का निर्देशन श्री एम. रामास्वामी और "मूनरावत्तू" का निर्देशन श्री आर. राजू ने किया। मद्रास में प्रदर्शन के पश्चात् इन नाटकों पर वाद-विवाद हुआ जिसमें नाटककारों, निर्देशकों, अभिनेताओं, विशेषज्ञ समिति के सदस्यों और बड़ी संख्या में नाटक प्रेमियों ने भाग लिया। सभी भागीदारों ने योजना का स्वागत किया और ऐसे उपयोगी सुझाव दिए जिनसे नाटककारों और निर्देशकों के बीच और अधिक तालमेल सुनिश्चित हो सके।

गुजराती नाटककार कार्यशाला के लिए रचनाएं नवंबर 95 में आमंत्रित की गई थीं। 35 रचनाएं प्राप्त हुई थीं जिनमें से मार्च, 96 में विशेषज्ञ समिति दवारा कुछेक को छांटा गया था।

छांटी गई रचनाओं के नाटककारों में से प्रत्येक को एक दिन के लिए नाटकों के वाचन और निर्देशकों और अभिनेताओं के साथ विचारों के आदान-प्रदान के लिए आमंत्रित किया जाता है। बाद में चुने हुए नाटककार और निर्देशक से अपेक्षा की जाती है कि वे लगभग एक माह तक एक साथ काम करके नाटक की प्रस्तुति कर दें।

बृहद्देसी पर संगोष्ठी

कन्नड़ विश्वविद्यालय, हम्पी के सहयोग से अकादेमी ने 11 जुलाई से 17 जुलाई, 1995 तक हम्पी में "मतंग और उनकी अद्वितीय कृति बृहद्देसी" पर एक संगोष्ठी आयोजित की। संगोष्ठी को 11 सत्रों में विभाजित किया था जो बृहद्देसी के विभिन्न विषयों से संबंधित थे। इस संगोष्ठी के एक अंग के रूप में एक वार्त्ता का भी आयोजन किया गया जिसमें महान और लघु परम्पराओं पर ध्यान केन्द्रित किया गया। संगोष्ठी में भाग लेने वालों ने बृहद्देसी में क्षेपकों, उपलब्ध पांडुलिपि में संदर्भ रहित छन्दों जैसी समस्याओं और ध्वनि और नाद, स्वर और श्रुति, मूर्च्छना और तान, अलंकार आदि जैसी व्यक्तिगत संकल्पनाओं के निरूपण के संबंध में विचार-विमर्श किया। इन शोध-पत्रों और विचार-विमर्श से यह स्पष्ट हो गया कि भरत की तुलना में मतंग के अभिनव परिवर्तन क्या थे और बाद के लेखकों पर उनका क्या प्रभाव पड़ा था।
कार्यशाला का कार्यक्रम निम्न प्रकार था :

11 जुलाई
डॉ. चंद्रशेखर कम्बार, उप कुलपति, कन्नड़ विश्वविद्यालय हम्पी दवारा स्वागत
प्रो. प्रेम लता शर्मा दवारा संगोष्ठी की जानकारी
"मतंग और मतंगी" : विद्यानिवास मिश्र

12 जुलाई
अध्यक्षता: डॉ. जोनाथन बी. कात्ज
"मतंग एज ए मिथिकल फिगर एंड अदर हिस्टोरिकल रेफ्रेंसिज": प्रो. आर.एन. मिश्रा
"महान और लघु परंपराओं पर सम्मेलन" : सचालन : प्रो. प्रेम लता शर्मा

अध्यक्षता : पं. विद्या निवास मिश्र "बृहददेसी में आयुर्वेद का प्रवेश और बाद के पाठों में इसका विस्तार" : प्रो. प्रियव्रत शर्मा
"बृहद्देसी में योग और यंत्र के मूल तत्त्व और

हम्पी, कर्नाटक में मतंग पर आयोजित संगोष्ठी में उपाध्यक्ष डा. प्रेमलता शर्मा बोलते हुए।

बाद के लेखकों पर इसका प्रभाव'' : डॉ. (श्रीमती) विमला मुसलगांवकर

लोक और जनजातीय नृत्यों का समारोह

13 जुलाई

अध्यक्षता : डॉ. रिचर्ड विद्देस

''बृहद्देसी से पांडुलिपियां और उद्धरण'' : डॉ. एस.एस. जानकी

''बृहद्देसी के गद्य और पद्य भाग : उनका पारस्परिक संबंध'' : डॉ. एन. रामनाथन

''बृहद्देसी में आए राग नामों का विश्लेषण'' : डॉ. ऋत्विक सान्याल

''बृहद्देसी में मार्ग और देसी का निरूपण'' : प्रो. प्रेम लता शर्मा

14 जुलाई

अध्यक्षता : प्रो. प्रेम लता शर्मा

''बृहद्देसी में स्वर और श्रुति का निरूपण'' : डॉ. आर. सत्यनारायण

''बृहद्देसी में स्वर लिपि और संबद्ध स्रोत'' : डॉ. रिचर्ड विद्देस

अध्यक्षता : डॉ. ऋत्विक सान्याल

''बृहद्देसी में मूर्च्छना और तान का निरूपण'' : प्रो. इंद्राणी चक्रवर्ती

''बृहद्देसी में अलंकार का निरूपण'' : श्री तेज सिंह टाक

लोक तथा जनजातीय नृत्योत्सव

15 जुलाई

अध्यक्षता : डॉ. आर. सत्यनारायण

''द ट्रीटमेंट ऑफ राग इन बृहद्देसी : एन एनेलिसिस ऑफ राग-लक्षण'' : डॉ. मुकुंद लाठ

''बृहददेसीज एप्रोच टू रास'' : डॉ. जोनाथन बी. कात्ज

अध्यक्षता : डॉ. मुकुंद लाठ

''साइटेशंस फ्राम बृहद्देसी ऑन वाद्य, ताल और नृत्य इन लेटर वर्क्स'' : डॉ. अनिल बिहारी बियोहर

''द ट्रीटमेंट ऑफ प्रबंधास इन बृहद्देसी: ए कम्पेरेटिव व्यू'': प्रो. सुभद्रा चौधरी

''डिमोंस्ट्रेशन ऑफ दिव्यगान-प्रबंध'' : श्री श्रीराम भारती और श्रीमती सौभाग्यलक्ष्मी

16 जुलाई

अध्यक्षता : प्रो. सुभद्रा चौधरी

''द ट्रीटमेंट ऑफ जती इन बृहददेसी'' : डॉ. दीप्ति सिन्हा

''*भास -लक्षण और भास नेम्स* **इन बृहद्देसी'' :** डॉ. आदिनाध उपाध्याय

विदाई सत्र
''आंध्रप्रदेश में नृत्य से संबंधित संगीत की प्रबंध परंपरा पर व्याख्यान निदर्शन'' : डॉ. नटराज रामकृष्ण

इस अवसर पर निकटवर्ती क्षेत्रों के विभिन्न जनजातीय दलों/समूहों दवारा नृत्य और संगीत के प्रदर्शनों के साथ-साथ आंध्रप्रदेश के नवजनार्दन नृत्यम से संबद्ध दिव्य-गान प्रबंध और प्रबंध परंपरा पर *व्याख्यान*-निदर्शन भी प्रस्तुत किए गए।

नाट्योत्सव : कूचिपूड़ि नाट्य की परंपराएं और प्रवृत्तियां

कूचिपूड़ि नाट्य और इसकी संबद्ध परंपराओं पर केंद्रित यह नाट्योत्सव हैदराबाद में 16 से 21 दिसंबर, 1995 तक आयोजित किया गया था। इसका आयोजन संस्कृति विभाग, आंध्र प्रदेश के सहयोग से रवीन्द्र भारती ऑडिटोरियम में किया गया था। प्रात:कालीन सत्र में कल्पम, कूचिपूड़ि यक्षगान और संबद्ध परंपराओं यथा तंजावूर का भगवत मेला और आंध्र प्रदेश का तुर्पू भगवतम और नवजनार्दनम के पाठों, तकनीकों और रूढियों पर प्रख्यात गुरुओं और विशेषज्ञों के विचार-विमर्श व्याख्यानों एवं निदर्शनों का आयोजन किया गया। प्रदर्शनों में कूचिपूड़ि शैली पर आधारित कूचिपूड़ि कल्पमों यक्षगानों और समसामयिक नृत्य-नाटिकाओं के विविध रूपों और भगवतमेला की प्रस्तुति की गई थी। कार्यक्रम निम्न प्रकार था:

शनिवार 16 दिसंबर, 1995, 6.00 बजे सायं
भामकल्पम — वेदांतम् सत्यनारायण शर्मा
रामनाट्कम : निर्देशक : भगवातुला सेतूराम

रविवार 17 दिसंबर, 1995, 5.00 बजे सायं
पार्वती परिणयम : निर्देशक वेदांतम् राधेश्याम
कीचकवधम : निर्देशक : पसुमर्ती वेंकटेश्वर शर्मा
प्रहलाद चरित्र : निर्देशक : वेदांतम रत्तय्या शर्मा

सोमवार 18 दिसंबर 1995, 6 बजे सायं
उषा परिणयम् : निर्देशक : वेदांतम सत्यनारायण शर्मा
भगवतमेला - कंसचरितम् : निर्देशक एस0 नटराजन्

मंगलवार 19 दिसंबर 1995, 6 बजे सायं
विष्णु पल्लवी सेवा प्रबंधम : निर्देशक के0 उमा रामाराव
महिषासुर मर्दिनी : निर्देशक : कोराडा नरसिंह राव

बुधवार 20 दिसंबर 1995, 6 बजे सायं
भगवदजुक्कियम : निर्देशक : राजा रेड्डी
पूतना हरणम् : निर्देशक : स्वप्न सुंदरी
कल्याण श्रीनिवासम् : निर्देशक : शोभा नायडू

बृहस्पतिवार 21 दिसंबर, 1995, 6 बजे सायं
क्षीर सागर मथनम् : निर्देशक : भगवतुला यज्ञनारायण शर्मा
रूक्मिणी कल्याणम् :
निर्देशक : वेम्पति चिन्ना सत्यम
भाषणों और निदर्शनों का कार्यक्रम
आन्ध्र की कल्पम परम्पराएं

रविवार 17 दिसंबर
प्रात : 10 बजे से *अपराह्न* 1 बजे
आन्ध्र की कल्पम परम्पराएं : एक सिंहावलोकन मोदाली नागभूषण शर्मा
भामकल्पम : पाठ : जोनालगड्डा अनुराधा
भामकल्पम : संगीत : बालन्त्रायु रजनीकांत राव तथा पेम्माराजू सूर्यराव
भामकल्पम : सात्विक अभिनय : वेदान्तम सत्यनारायण शर्मा

रविवार 17 दिसंबर
सायं 3 बजे से सायं 4 बजे
अन्य परम्पराओं में भामकल्पम के रूपान्तरण : तुर्पु भगवतम बोन्थालकोटि जगन्नाथम् मण्डली

सोमवार 18 दिसंबर
प्रात : 10 बजे से अपराह्न 1 बजे
अन्य परम्पराओं में भामकल्पम के रूपान्तरण : नवजनार्दनम
नटराज रामकृष्ण तथा कलाकृष्ण
भामकल्पम : प्रदर्शन संरचना : वैम्पति चिन्ना सत्यम
गोल्लकल्पम : जोस्युला सीतारमैया
गोल्लकल्पम : वेदान्त सत्यनारायण शर्मा

आन्ध्र की यक्षगान परम्पराएं

मंगलवार 19 दिसंबर
प्रात: 10 बजे से अपराह्न 1 बजे
यक्षगान परम्पराएं : एक सिंहावलोकन : मोदाली नागभूषण शर्मा
तन्जोर परम्परा में यक्षगान पाठ : एन विश्वनाथन
भगवतमेला संगीत : आर कौशल्या
भगवत मेला : प्रदर्शन संरचना
एन विश्वनाथन तथा आर कौशल्या सहित एस. नटराजन

बुधवार 20 दिसंबर
प्रात : 10 बजे से अपराह्न 1 बजे
सुग्रीव विजयम तथा अन्य प्रारम्भिक पाठों के संदर्भ में यक्षगान का उद्भव आर. ए. पदमनाभ राव
कूचिपूड़ि के यक्षगान : उद्भव तथा विकास
चिन्ता रामानाथम
कूचिपूड़ि यक्षगान : पाठ : एस.वी. भुजंगार्य शर्मा
कूचिपूड़ि यक्षगान : संगीत : बी रजनीकांत राव तथा पी सूर्यराव

बृहस्पतिवार 21 दिसंबर
प्रात : 11 बजे से अपराह्न 1 बजे
शशिरेखा परिणयम के विशेष संदर्भ में कूचिपूड़ि यक्षगान में संगीत : पसुमर्ती वेणुगोपाल कृष्ण शर्मा
कूचिपूड़ि यक्षगान की प्रदर्शन संरचना : वेदान्तम पार्वतीशम

कूचिपूड़ि नृत्य-नाटिका की निर्मिति
वेम्पति चिन्ना सत्यम तथा पी. संगीता राव
उषा के चरित्र के विशेष सन्दर्भ में यक्षगान में *अभिनय : वेदान्तम सत्यनारायण शर्मा*

इससे पहले, जनवरी 1995 में अकादेमी ने आंध्र प्रदेश की शास्त्रीय नृत्य परंपराओं का समारोह आयोजित किया था जिसमें कूचिपूड़ि और देवालय-नृत्य परंपराओं के आचार्यों ने व्याख्यान-निदर्शन भी प्रस्तुत किए थे। इस समारोह के अवसर पर गुरुओं के निदर्शन और युवा नर्तकों के एकल प्रदर्शनों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया था।

नृत्योत्सव : नृत्य संरचनात्मक कृति

नृत्य संरचनात्मक कृतियों का यह समारोह 16 से 21 जनवरी, 1996 तक बंगलौर में आयोजित किया गया था। यह कलकत्ता में मार्च, 1994 में आयोजित नृत्य संरचना समारोह के अनुसरण में किया गया था और इसका आयोजन कन्नड़ और संस्कृति निदेशालय के सहयोग से किया गया था। समारोह में 12 नृत्य संरचनाकारों की कृतियों को प्रस्तुत किया गया।

नर्तकों और रंगकर्मियों के बीच वार्ता शुरू करने के लिए तपस सेन दवारा प्रकाश सहित नृत्यसंरचना करने से संबंधित सोदाहरण वार्ता भी आयोजित की गई थी। इस अवसर पर उनकी कृतियों पर प्रभात गांगुली द्वारा व्याख्यान-निदर्शन भी प्रस्तुत किया गया था। कार्यक्रम निम्न प्रकार था:

मंगलवार, 16 जनवरी
''फेबल फार ला ग्रान सबाना '' : रंजवती सरकार, कलकत्ता

''द्रौपदी'' : सोनल मानसिंह, सेंटर फार इंडियन क्लासिकल डांसिस, दिल्ली।

बुधवार, 17 जनवरी
''गत-गीत और सम-संवेदन : कदंब सेंटर फार डांस एंड म्यूजिक, अहमदाबाद

नृत्यसंरचना : कुमुदिनी लाखिया
''परिक्रमा'' : श्रीराम भारतीय कला केंद्र, दिल्ली

नृत्यसंरचना : शशिधरन नायर

बृहस्पतिवार. 18 जनवरी
''कामना बिल्लू'' : नाट्य इंस्टीट्यूट ऑफ कथक एंड कॉरियोग्राफी, बंगलौर

नृत्यसंरचना : माया राव नटराजन
''अंतिम अध्याय'' : भूमिका, दिल्ली
नृत्यसंरचना : नरेंद्र शर्मा

शुक्रवार, 19 जनवरी
''वेटिंग'' : बैले यूनिट, बंबई
नृत्यसंरचना : सचिन शंकर
''भैरवी'' : रंग-श्री लिटिल बैले ट्रूप, भोपाल
नृत्यसंरचना : प्रभात गांगुली

शनिवार, 20 जनवरी
''क्रॉसरोड्स'' : आरोविल्ले डांस कंपनी, पांडिचेरी
नृत्यसंरचना : अनुराधा मजूमदार लेग्रेंड

''पल्लवन'' : गंधर्व महाविद्यालय, दिल्ली
नृत्यसंरचना : माधवी मुद्गल

रविवार, 21 जनवरी
''अरण्य किरण'' : अपूर्व डांस थियेटर ग्रुप, बंगलौर
नृत्यसंरचना : त्रिपुरा कश्यप

''स्पंद'' : लीला सेम्संस ग्रुप, दिल्ली नृत्यसंरचना : लीला सेम्सन

छाया पुतुल कार्यशाला और समारोह, धर्मस्थल

लोक प्रदर्शन कलाओं के रीजनल रिसोर्स सेंटर, उडुपी और धर्मस्थल के डॉ. वीरेंद्र हेगड़े के सहयोग से 23 से 28 जनवरी, 1996 तक धर्मस्थल, कर्नाटक में देश की छायापुतुल परंपराओं से संबद्ध समारोह और कार्यशाला आयोजित की गई थी। इस समारोह में कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, महाराष्ट्र और केरल के अठारह छाया नाटक दलों ने भाग लिया। इस

नाट्योत्सव हैदराबाद में कूचिपूड़ि गुरु वेदान्तम् पार्वतीशम् (बीच में) द्वारा प्रदर्शन

समारोह में पुतुल-निर्माण कार्याशाला का भी आयोजन किया गया था। धर्मस्थल के चारों ओर के गांवों में प्रत्येक दल के चार-चार प्रदर्शन आयोजित किए गए थे।

प्रात:कालीन सत्रों में विशेषज्ञों और पुतली कलाकारों ने अपने-अपने क्षेत्रों की छाया पुतुल परंपराओं पर वार्ता और व्याख्यान-निदर्शन प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में कर्नाटक, तमिलनाडु और उड़ीसा के परंपरागत पुतली कलाकारों ने महात्मा गांधी पर तीन लघु नाटक प्रस्तुत किए, जिन्हे इंदिरा गांधी नेशनल सेटर फार द आर्ट्स, दिल्ली के तत्त्वावधान में तैयार किया गया था। समारोह और कार्यशाला का कार्यक्रम निम्न प्रकार था:

24 जनवरी

नीतिसूचक भाषण : कोमल कोठारी (संचालक)
''कर्नाटक पुतुल कला और परंपरा'' : एस० ए० कृष्णय्या (कर्नाटक); और वीरन्ना दवारा निदर्शन
''केरल पुतुल कला और परंपरा'' : जी० वेणु (केरल); कृष्णकुट्टी पुलावार दवारा निदर्शन

25 जनवरी

संचालक : मुदेनूर संगन्ना
''आंध्र प्रदेश पुतुलकला और परंपरा'' : नागभूषण शर्मा, आंध्र प्रदेश राजाराव दवारा निदर्शन
''महाराष्ट्र पुतुलकला और परंपरा'' : गणपत म्हेसगे, (महाराष्ट्र) दवारा वार्ता एवं निदर्शन
पी० आर० तिप्पैस्वामी दवारा रंग प्रक्रिया तकनीक पर वार्ता

26 जनवरी

संचालक : दादी पद्मजी
''एक्सपेरिमेंट्स ऑन न्यू धीमसथ्रू पपेट्स''
इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फार द आर्ट्स दवारा बापू कथा
कृष्ण दत्त, आई जी एन सी ए द्वारा परिचय
बापू कथा द्वारा निदर्शन :
''वीरन्ना'' (कर्नाटक) : प्रस्तुतकर्ता एस० ए० कृष्णय्या
''खंगेश्वर प्रधान (उड़ीसा) : प्रस्तुतकर्ता गौरंग चरन दास
''मुरूगन राव'' (तमिलनाडु) : प्रस्तुतकर्ता एम० रामास्वामी

27 जनवरी

संचालक : के० वी० राजगोपाल, बंगलौर
''उड़िया पुतुल कला एवं परंपरा'' : रावण छाया डी० एन० पटनायक दवारा वार्ता एवं कोल्हाचरन साहू दवारा निदर्शन
''तमिलनाडु पुतुलकला एंव परंपरा'' : एम० रामास्वामी दवारा वार्ता एंव मुरूगन राव दवारा निर्दशन
एस० ए० कृष्णय्या दवारा पुतुल-निर्माण कार्यशाला पर रिपोर्ट
पुतुल कलाकारों दवारा टिप्पणियां
मुक्त सत्र
संचालक : नागभूषण शर्मा
वक्ता : पुतुल दलों के प्रमुख
समापन भाषण : कोमल कोठारी

पुतुल-निर्माण कार्यशाला

24-27 जनवरी

जी वेणु द्वारा प्रारम्भ की गई और बाद में दादी पद्मजी द्वारा जारी रखी गई कार्यशाला में प्रवीण कारीगरों ने युवा पुतुल कलाकारों के साथ काम किया।

इस समारोह के बाद पिछले तीन वर्षों के दौरान अकादमी दवारा उदयपुर, गुवाहटी और उडुपी में भारत की पुतुल परंपराओं पर कार्यशालाओं और समारोहों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। इन कार्यशालाओं में क्रमश: पश्चिमी, पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्रों की पुतुल परंपराओं पर ध्यान केंद्रित किया गया था। इसका प्रयोजन विभिन्न क्षेत्रों के पुतुल कलाकारों को देश के अन्य क्षेत्रों के पुतुल कलाकारों के साथ अपनी विशेषज्ञता और अनुभवों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करना था। वर्तमान समारोह की ही तरह, इन समारोहों के दौरान भी निकटवर्ती गांवों में प्रदर्शन आयोजित किए गए थे।

संगीतोत्सव : गोवा

युवा संगीतकारों का उत्सव-संगीतोत्सव 8 से 11 मार्च, 1996 तक पणजी में कला अकादमी, गोवा के सहयोग से आयोजित किया गया था। यह उत्सव युवा पीढ़ी के संगीतकारों और नर्तकों को प्रोत्साहित करने के लिए अकादेमी दवारा शुरू किए गए उत्सवों की श्रृंखला की एक कड़ी के

नृत्योत्सव, बंगलौर में द्रौपदी का अभिनय करती हुई सोनल मान सिहं

नृत्योत्सव, बंगलौर में नरेन्द्र शर्मा द्वारा अन्तिम अध्याय की प्रस्तुति

रूप में आयोजित किया गया था। उत्सव का कार्यक्रम निम्न प्रकार था:

8 मार्च
सरोद : अनिर्बाण दास गुप्त, कलकत्ता
गायन : राजकुमार भारती, मद्रास
गायन : शमा घोष, बंबई

9 मार्च
सितार : प्रतीक चौधरी, दिल्ली
गायन : के0 साई सरकार, मद्रास
गायन : महुआ चटर्जी, गोआ

10 मार्च
सारंगी : कमाल साबरी, दिल्ली
बाँसुरी : टी0 आर0 श्रीनाथ, मैसूर
सितार : योगराज नायक, गोवा

10 मार्च
गायन : संदीप देशमुख, औरंगाबाद
गायन : अनुराधा सुरेश कृष्णमूर्ति, मद्रास
गिटार : कमला शंकर, वाराणसी
वायलिन : मंजुनाथ एवं नागराज, मैसूर

11 मार्च
गायन : शरमिष्ठा दत्त गुप्ता, कलकत्ता
गायन : फय्याज़ वासिफुद्दीन डागर, दिल्ली
बाँसुरी : रोनू मजूमदार, बंबई

युवा रंगकर्मियों को सहायता

अकादेमी दवारा 1982 में शुरू की गई इस योजना ने 1993-94 में दस वर्ष पूरे किए। इस अवधि में, देश के विभिन्न भागों में 40 संभागीय और 10 अखिल भारतीय नाट्य समारोहों का आयोजन किया गया, जिनमें लगभग 200 युवा निर्देशकों ने भाग लेकर अपनी नई प्रस्तुतियाँ पेश कीं।

हालाँकि इस योजना के अधीन नाट्य समारोह 1997-98 तक आस्थगित किए गए हैं, अकादेमी दवारा अब उन निर्देशकों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है जिन्होंने इन समारोहों में भाग लिया था। इसका प्रयोजन निर्देशकों को देश के भीतर और बाहर विभिन्न संकल्पनाओं, प्रशिक्षण प्रणालियों और नाटकीय प्रवृत्तियों से अवगत कराना है।

प्रथम कार्यशाला दिल्ली में फरवरी-मार्च, 1995 में आयोजित की गई थी और दूसरी बंबई में। से 28 मई, 1995 तक नेशनल सेंटर फार पर्फोर्मिंग आर्ट्स के सहयोग से आयोजित की गई थी। इस कार्यशाला की संचालिका विजया मेहता थी और मुत्तुस्वामी, कन्हाईलाल और अनुराधा कपूर सह-निर्देशक थे जिन्होंने एक-एक सप्ताह तक भागीदारों के साथ काम किया। कार्यशाला में कला प्रदर्शनियों में भाग लेने के अलावा रंगशिल्प और संबद्ध कलाओं पर व्याख्यान दिए गए।

कार्यशाला का कार्यक्रम निम्न प्रकार था :

1 मई - 7 मई 1995 (पहला सप्ताह)
प्रमुख कार्यक्रम निदेशक : विजया मेहता
सहायक : अनुपम मेहता, अनाहित मेहता
कार्यशाला सत्र : 9.30 प्रात: - 1.00 अपराह्न
अपराह्न 2.00 - अपराह्न 3.30
जानकारी सत्र : 4.00 सायं - 5.30 सायं

8 मई - 14 मई 1995 (दूसरा सप्ताह)
प्रमुख कार्यक्रम निदेशक : एन0 मुत्तुस्वामी
सहायक : जयकुमार, कलई राम,
आर0 पी0 वर्मा
कार्यशाला सत्र : 9.30 प्रात: - 1.00 अपराह्न
अपराह्न 2.00 - अपराह्न 3.30
जानकारी सत्र : 4.00 सायं - 5.30 सायं

15 मई - 21 मई 1995 (तीसरा सप्ताह)
प्रमुख कार्यक्रम निदेशक : अनुराधा कपूर
सहायक : गीताजंली
कार्यशाला सत्र : 9.30 प्रात: - 1.00 अपराह्न
अपराह्न 2.00 - अपराह्न 3.30
जानकारी सत्र : 4.00 सायं - 5.30 सायं

22 मई - 28 मई 1995 (चौथा सप्ताह)
प्रमुख कार्यक्रम निदेशक : कन्हाई लाल सिंह
सहायक : श्रीमती साबित्री कन्हाई लाल
कार्यशाला सत्र : 9.30 प्रात: - 1.00 अपराह्न
अपराह्न 2.00 - अपराह्न 3.30
जानकारी सत्र : 4.00 सायं - 5.30 सायं

जानकारी सत्रों में वार्ताएँ

1 मई
''माई डायरेक्टर्स'' : नीना कुलकर्णी

2 मई
''आन एक्टिंग'' : नसीरउद्दीन शाह

4 मई
''ग्रिप्स थिएटर टेक्नीक'' : मोहन अगाशे

पर्दे पर: धर्मशाला, कर्नाटक में राष्ट्रीय छाया पुतुल समारोह में तमिलनाडु का एक पुतुल कर्मी गणेश के एक चित्र के रूप में अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए।

बासुंरी वादक रोनू मजूमदार संगीतोत्सव गोवा में बासुंरी वादन करते हुए।

5 मई
''कंटेम्पॉरेरी इंडियन थिएटर'' : शांता गोखले

6 मई
फोटोग्राफर अश्विन मेहता की ''थर्ड आई'' :
हेमन्त मोरपारिया

8 मई
''साउंड एंड डिज़ायन ऑफ हिंदुस्तानी म्यूजिक'' :
नीला भागवत

9 मई
''एक्सप्लोरेशंस : कर्नाटक म्यूज़िक'' : अरुणा
साईराम

11 मई
''एन आर्टिस्ट्स सर्च : ए टाक ऑन पेंटिंग्स '' :
सुधीर पटवर्धन
''ए शार्ट हिस्ट्री ऑफ माडर्न आर्ट'' : वीणा
कोटियन

12 मई
''बेकैट्स कंट्रीब्यूशन टू वेस्टर्न थियेटर'' : कविता
सिंह

13 मई
''द रिलेशंशिप बिटवीन डांस एंड थियेटर '' :
प्रकृति कश्यप

15 मई
''द रिलेशंशिप बिटवीन डांस एंड थियेटर'' :
प्रकृति कश्यप

16 मई
''डायरेक्टोरियल कॉनसेप्ट्स'' अमोल पालेकर

18 मई
''एन इंट्रोडक्शन टू वेस्टर्न क्लासिकल म्यूज़िक'' :
अंजन रे

19 मई
''मीट विद प्लेराइट'' : विजय तेंदुलकर

20 मई
''म्यूज़िक इन थिएटर'' : भास्कर चंदावरकर

22 मई
''फिल्म एप्रीसियेशन (1)'' : अनिल झंकर

23 मई
''फिल्म एप्रीसिएशन (11)'' : अनिल झंकर

26 मई
''रिलेटिगं टू स्पेस'' : नचिकेता पटवर्धन

27 मई
''व्यूज़ आन कंटेम्पोरेरी आर्ट (1) : गोव पटेल
एंव आलोचक रणजीत होस्कोटे
''इंस्टालेशंस (11)'' : अभय सरदेसाई

'' युवा रंगकर्मियों को सहायता'' योजना के अधीन नाट्य समारोहों में निर्देशकों के पहले प्रदर्शित चुनिंदा नाटकों को अकादेमी द्वारा पिछले दो वर्षों में विभिन्न नगरों में प्रस्तुत किया गया है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, मध्य प्रदेश के पाँच नगरों यथा भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर और बिलासपुर में चार नाटकों को जनवरी, 1996 में मध्य प्रदेश कला परिषद के सहयोग से प्रस्तुत किया गया। इन नाटकों का कार्यक्रम निम्न प्रकार था:

ध्रुवस्वामिनी (हिंदी) : निर्दे0 आलोक चटर्जी,
भोपाल (2 जनवरी), उज्जैन, (4 जनवरी),
ग्वालियर (6 जनवरी), जबलपुर (8 जनवरी),
बिलासपुर
(10 जनवरी)।
महाचैत्र (कन्न्ड़) : निर्दे0 इकबाल अहमद,
भोपाल (3 जनवरी), उज्जैन (15 जनवरी),
ग्वालियर (7 जनवरी), जबलपुर (9 जनवरी),
बिलासपुर (11 जनवरी)।
बाकी इतिहास (बंगाली) : निर्दे0 जयंती बोस,
भोपाल (4 जनवरी), उज्जैन (6 जनवरी),
ग्वालियर (8 जनवरी), जबलपुर (10 जनवरी),
बिलासपुर
(12 जनवरी)।
अनंत गाथा (गुजराती): निर्दे0 मानविता बराडी,
भोपाल (5 जनवरी), उज्जैन (7 जनवरी),
ग्वालियर (9 जनवरी), जबलपुर (11 जनवरी),
बिलासपुर (13 जनवरी)।

पारंपरिक प्रदर्शनकारी कलाओं का संवर्धन और परिरक्षण

यह योजना संगीत, नृत्य और नाट्यकला के उन रूपों में प्रशिक्षण के लिए सहायता प्रदान करती है जो अब व्यापक रूप से व्यवहार में नहीं हैं। अकादेमी विख्यात गुरुओं को मानदेय और प्रशिक्षार्थियों को वजीफा प्रदान करके इन कलारूपों में उनकी रुचि सुनिश्चित करती है और परंपरागत प्रशिक्षण-अधिगम प्रक्रिया दवारा इन्हे बनाए रखने का प्रयत्न करती है। प्रशिक्षण से संबंधित विवरण नियमित रूप से प्राप्त होते रहते हैं।

वर्ष 1995-96 के दौरान निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहे थे : राजा छत्रपति सिंहजू देव के अधीन पखावज ; उस्ताद साबरी खां और गुरु इंदरलाल धान्द्रा के अधीन सारंगी; गुरु टी0 एस0 लाचप्पा पिल्लै के अधीन नागस्वरम्; गुरु पेरिअप्पा के अधीन वेदारण्य नागस्वरम्; उस्ताद अत्तन खां के अधीन नक्कारा; गुरु पी0 चिन्नप्पा पिल्लै के अधीन तविल; पेम्पा खां मांगणियार और मेहरदीन लंगा के अधीन मुरली और सतारा (राजस्थान के सुषिर वाद्य); गुरु कित्तप्पा पिल्लै के अधीन इसई वेल्लालर समुदाय के प्रशिक्षार्थियों को नट्टूवंगम और भरतनाट्यम में प्रशिक्षण; गुरु कोगा कामथ के अधीन यक्षगान गोम्बे आट्टा (कर्नाटक की डोरा पुतलियाँ)।

प्रशिक्षण के अतिरिक्त योजना में परंपरागत कलाओं को अपना रहे परिवारों और घरानों आदि के उन युवा कलाकारों को समर्थन प्रदान करने की भी व्यवस्था है जिन्हें अन्यथा सामान्यत: समर्थन प्राप्त नहीं होता है।

कूटियाट्टम और छऊ को समर्थन

अकादेमी ने कूटियाटअट्टम और सरायकेला, मयूरभंज तथा पुरुलिया के छऊ नृत्यों की उन कलात्मक परंपराओं के रूप में पहचान की जो अब लुप्त होती जा रही हैं। विद्यमान प्रशिक्षण केंद्रों को सुदृढ़ करके और इसके साथ ही प्रशिक्षण और प्रदर्शन के नए केंद्रों को स्थापित करके इन कलाओं को समर्थन दिया जा रहा है। नृत्य एंव संगीत में विशिष्ट प्रशिक्षण के राष्ट्रीय केंद्रों की स्थापना के लिए योजनागत कार्यक्रम के जरिए यह कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा रहा है।

कूटियाट्टम

अकादेमी, कूटियाट्टम के समर्थन कार्यक्रम के अधीन प्रशिक्षण और नियमित प्रदर्शनों के जरिए इस कला का व्यवस्थित रूप से प्रसार करने पर ध्यान दे रही है। वर्ष 1991 में शुरू किए गए इस कार्यक्रम के जरिए इरिंजालाकुड़ा में गुरु अम्मानूर चाचु चाक्यार स्मारक गुरुकुलम को प्रशिक्षण प्रयोजन के लिए समर्थन दिया जाता है और ''मार्गी'', त्रिवेंद्रम को प्रदर्शनों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। गुरु पी0 के0 नारायण नम्बियार के कार्यक्रम के अधीन मिषाव-वादन में प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है।

कूटियाट्टम को सुस्थापित करने की कुछेक अन्य योजनाएँ क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। इन योजनाओं में केरल, कलामंडलम, चेरुतिरुति में कूटियाट्टम में प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ करना, पुस्तकों और पांडुलिपियों के प्रलेखन और पुनर्मुद्रण, नांगयार कून्तु को समर्थन और केरल में वार्षिक कून्तु कूटियाट्टम उत्सव आयोजित करना शामिल है।

छऊ

26 गाँवों का सर्वेक्षण करने के पश्चात् वर्ष 1994 में मयूरभंज छऊ में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया था और 9 माह पश्चात् इसकी समीक्षा की गई थी। समीक्षा समिति की सिफारिशों पर कार्यक्रम को जारी रखा गया था। इस कार्यक्रम में बारीपदा, रायरंगपुर, भुरकुंडी और चित्रादा में नर्तकों के प्रशिक्षण के लिए वजीफे देना, मोहुरी और ढोल के छात्रों को वजीफे देना और संगीत के शिक्षकों तथा संगतकारों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम चलाना शमिल है।

छऊ गुरुओं की प्रशिक्षण क्रियाविधियों की विस्तृत रिकार्डिंग अकादेमी के अभिलेखागार के लिए की गई है।

अंतर- राज्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

यह कार्यक्रम प्रदर्शनकारी कलाकारों के दलों और अलग-अलग कलाकारों के पारस्परिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हमारी प्रदर्शनकारी कलाओं की परंपरा के बारे में पूर्ण जागरूकता पैदा करता है। हालाँकि इस कार्यक्रम को कार्यान्वित करने का दायित्व राज्य सरकारों का है, अकादेमी आदान-प्रदान कार्यक्रम से संबंधित सरकारों को परामर्श देकर प्रायोजित दौरों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करके और उनमें समन्वय स्थापित करके निर्णायक भूमिका निभाती है।

प्रत्येक वर्ष राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श करके आदान-प्रदान कार्यक्रम तैयार किया जाता है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों का 19 वां सम्मेलन वर्ष 1995 में मैसूर में आयोजित किया गया था।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, सम्मेलन के निर्णय के आधार पर 21 दौरे आयोजित किए गए जो निम्न प्रकार हैं :

1. लक्षद्वीप के एक 30 सदस्यीय दल ने 18 से 24 अप्रैल 95 तक पंजाब का दौरा किया। प्रदर्शन : चंडीगढ़ (2), मोहाली, पटियाला, राजपुरा, गोविंदगढ़।
2. त्रिपुरा के एक 25 सदस्यीय दल ने 19 से 29 अगस्त 1995 तक उड़ीसा का दौरा किया। प्रदर्शन : पुरी (2), भुवनेश्वर (2), आनंदनगर, कियोंझार (2)।
3. तमिलनाडु के एक 22 सदस्यीय दल ने 1 से 8 सितंबर 1995 तक उड़ीसा का दौरा किया। प्रदर्शन : केसिंगा, रामपुर, ऋषिदा, धर्मगढ़, भवानीपटना।
4. पश्चिम बंगाल के एक 21 सदस्यीय दल ने 10 से 19 सितंबर, 1995 तक कर्नाटक का दौरा किया। प्रदर्शन : मांड्या, मैसूर, मदिकेरी, हस्सन, होलेनसीबपुर, तुमकुर।
5. अरुणाचल प्रदेश के एक 30 सदस्यीय दल ने 30 अक्तूबर से 5 नवंबर, 1995 तक हिमाचल प्रदेश का दौरा किया। प्रदर्शन : शिमला, सूनी, रामपुर, रिओकोंगीपिओ, बालाग, रेणुका।
6. त्रिपुरा के एक 32 सदस्यीय दल ने 30 अक्तूबर से 15 नवंबर 1995 तक तमिलनाडु और पांडिचेरी का दौरा किया। प्रदर्शन : मईलापुर, तंजावूर, पुडूकुत्तन, वीलूपुरम (तमिलनाडु); करिसामणिकम, नेत्तपक्कन (पांडिचेरी)।
7. कर्नाटक के एक 30 सदस्यीय दल ने 6 से 15 नंवबर, 1995 तक महाराष्ट्र का दौरा किया। प्रदर्शन : बंबई, थाने, नासिक, जलगांव, धुलिया, औरंगाबाद।
8. मिजोरम के एक 37 सदस्यीय दल ने 24 नवंबर से 11 दिसंबर 1995 तक कर्नाटक का दौरा किया । प्रदर्शन : हम्पी, रायपुर, कोपल, गडाग, कोलार, बंगलौर।
9. हिमाचल प्रदेश के एक 30 सदस्यीय दल ने 28 नवंबर से 25 दिसंबर 1995 तक उड़ीसा और नागालैंड का दौरा किया। प्रदर्शन : पुरी (2), साक्षी गोपाल, भुवनेश्वर, कोणार्क, जेतिनी (उड़ीसा); कोहिमा, जोतसम गांव, थिजेमा, त्सेमिन्यु, मेदझीफेमा, विस्वेमा गांव (नागालैंड)।
10. उड़ीसा के एक 30 सदस्यीय दल ने 28 दिसंबर 1995 से 3 जनवरी, 1996 तक गोवा का दौरा किया। प्रदर्शन : पणजी वास्को, सतारी, सन्क्वेम, मोल्लम, गिरोड़ा प्लेये।
11. हिमाचल प्रदेश के एक 30 सदस्यीय दल ने 30 दिसंबर 1995 से 10 जनवरी 1996 तक आंध्र प्रदेश का दौरा किया। प्रदर्शन : नालगौंडा, सूर्यपेट, कोडाड, विजयवाड़ा कूचिपूड़ि गांव गुंतूर।
12. सिक्किम के एक 33 सदस्यीय दल ने 4 से 11 जनवरी 1996 तक गोवा का दौरा किया। प्रदर्शन : पणजी, सेन्यूलिन, थिंविन, लोटालिन, मार्सल, मावेलिम,

मोरजिन।

13. जम्मू एंव कश्मीर के एक 30 सदस्यीय दल ने 16 से 23 जनवरी 1996 तक पश्चिम बंगाल का दौरा किया। प्रदर्शन : कलकत्ता, चुचेरा, बहरामपुर, कृष्णा नगर, बर्दवान, हावड़ा।

14. असम के एक 30 सदस्यीय दल ने 28 जनवरी से 3 फरवरी 1996 तक गोवा का दौरा किया। प्रदर्शन : मोर्जई, मंद्रम, पणजी, रशत्रोली, मोनदाते, कोलवले, पौंडा, वेल्जेम, केरी।

15. पंजाब के एक 31 सदस्यीय दल ने 28 जनवरी से 8 फरवरी 96 तक उड़ीसा का दौरा किया। प्रदर्शन : भुवनेश्वर (2), कटक, सोनपुर, नुआपाड़ा, संबलपुर, तलचर, राऊरकेला।

16. असम के एक 30 सदस्यीय दल ने 5 से 17 फरवरी 1996 तक कर्नाटक का दौरा किया। प्रदर्शन : बंगलौर, शिमोगा, चिकमंगलूर मंगलौर, उडुपी, सिरसी।

17. राजस्थान के एक 29 सदस्यीय दल ने 18 फरवरी से 2 मार्च 1996 तक कर्नाटक का दौरा किया। प्रदर्शन : बंगलौर, इस्सन, करवर, हवेरी, चित्रदुर्ग, चिकमंगलूर।

18. उड़ीसा के एक 30 सदस्यीय दल ने 19 से 24 फरवरी 1996 तक तमिलनाडु का दौरा किया। प्रदर्शन : कोयम्बतूर, इरोड, नागापत्तिनम, तिरूवन्नमलाई, मद्रास।

19. कर्नाटक के एक 19 सदस्यीय दल ने 23 फरवरी से 2 मार्च 1996 तक असम का दौरा किया। प्रदर्शन : गुवाहटी, बपिता, नगाँव, तेजपुर, नारायणपुर, जामूगुरिहाट, सिपाझर।

20. गोवा के एक 30 सदस्यीय दल ने 17 से 31 मार्च 1996 तक पश्चिम बंगाल का दौरा किया। प्रदर्शन : करदाह, हुगली, कलकत्ता, मुर्शिदाबाद, सिलीगुड़ी, जलपाइगुड़ी।

21. तमिलनाडु के एक 18 सदस्यीय दल ने आंध्र प्रदेश का दौरा किया। प्रदर्शन : सिकंदराबाद, सिद्दीपेट, हैदराबाद, जानागम, वनस्थलीपुरम।

भारत और अन्य देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

विशिष्ट प्रदर्शनकारी कलाओं का *निकाय* होने के *काण अकादेमी पर भारत* तथा अन्य देशों के बीच होने वाले सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य करने की ज़िम्मेदारी है। अकादेमी इसमें मुख्यत: भारत की प्रदर्शनकारी कलाओं से संबंधित सामग्री और सूचना प्रदान करने के निकासी गृह के रूप में, विभिन्न देशों की संस्थाओं के साथ पुस्तकों, टेपों और अन्य प्रकाशित अथवा पुरालेखी सामग्री का आदान-प्रदान करने का कार्य करती है। किन्हीं अवसरों पर अकादेमी विशिष्ट कार्यक्रमों के प्रावधानों के अधीन भारतीय विशेषज्ञों और प्रदर्शनकारी कलाकारों को विदेश भी भेजती है और विदेशी विशेषज्ञों और कलाकारों को भारत में आमंत्रित करती है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, अकादेमी ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत, प्रदर्शनकारी कलाओं से संबंधित डिस्क, श्रव्य-कैसेट और प्रकाशन बहुत से देशों की सस्थाओं को भेजे। अकादेमी में आए विदेशी विद्वानों और विशेषज्ञों को प्रदर्शनकारी कलाओं से संबंधित सामग्री उपहार-स्वरूप भेंट की गई।

प्रकाशन

अकादेमी के प्रकाशन कार्यक्रम के अंतर्गत, जो वर्ष 1953 में अकादेमी की स्थापना के तरंतु बाद शुरू किया गया था, प्रदर्शनकारी कलाओं पर पुस्तकें तथा मॉनोग्राफ़, त्रैमासिक पत्रिका *संगीत नाटक* का प्रकाशन सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त संगीत, नृत्य और नाटक संबंधी प्रकाशनों के संवर्धन के लिए अकादेमी इनके लेखकों और प्रकाशकों को अंग्रेज़ी और भारतीय भाषाओं की पुस्तकों और पत्रिकाओं के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करके मदद करती है। अकादेमी के प्रकाशनों की सूची परिशिष्ट-6 पर दी गई है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, संगीत नाटक का विशेषांक ''क्रिटिकल राइटिंग ऑन इंडियन थिएटर'' पर निकाला गया था। इस अंक में (सं0 115-116) हिंदी, मराठी, कन्नड़ और मलयालम में रगंमंच आलोचना से संबंधित लेखों के अतिरिक्त राजिन्दर पाल, इनैक्ट के संपादक और संगीत नाटक अकादेमी के भूतपूर्व उपाध्यक्ष का विस्तृत साक्षात्कार सम्मिलित है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, प्रदर्शनकारी कलाओं से संबंधित निम्नलिखित पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई : जनरल ऑफ द इंडियन म्यूज़िकोलोजिकल सोसाइटी बड़ौदा (15,000/- रुपए); शूद्रक, कलकत्ता (15,000/- रुपए) ; श्रुति, मद्रास (30,000/- रुपए) ; नटरंग, दिल्ली (15,000/- रुपए) ; और सूत्रधार दिल्ली (20,000/- रुपए)। इस अवधि में निम्नलिखित पुस्तकों के लिए भी अनुदान प्रदान किया गया ; नाट्यशास्त्र (मलयालम अनुवाद) ले0 के0 पी0 नारायण पिशारडी (25,000/- रुपए) ; और तारीख-ए-हिंदुस्तानी क्लासिक मौसिकी (उर्दू)-ले0 हबीब निसार (15,000/- रुपए)।

प्रलेखन एंव प्रसार

गत वर्षों में संगीत नाटक अकादेमी ने प्रदर्शनकारी कलाओं पर श्रव्य-टेपों, फोटोग्राफ़ और फ़िल्मों का एक बड़ा अभिलेखागार तैयार कर लिया है और वर्ष 1981 से इसमें वीडियो टेपों को भी शमिल किया गया है। संगृहीत सामग्री का प्रचार, श्रृव्य एवं दृश्य को सुनने एवं देखने की व्यवस्था, संगीत के ध्वन्यांकन एवं पुनराकंन और फ़िल्म प्रोजेक्शन द्वारा की जाती है। प्रकाशनों, फ़िल्मों और दूरदर्शन के साथ-साथ भारत की प्रदर्शनकारी कलाओं के अनुसंधान कार्यों में अकादेमी के अभिलेखागार की सामग्री का व्यापाक रूप से उपयोग किया गया है।

वर्ष 1995-96 के दौरान अकादेमी के अभिलेखागार में 6225 फ़ोटोग्राफ़, 1200 ट्रैन्सपेरेंसी, 104 घंटों की श्रव्य रिकार्डिंग और 255 घंटों की वीडियो रिकार्डिंग को जोड़ा गया है। इस संग्रह में अब मुख्य रूप से भारतीय संगीत, नृत्य और रंगमंच से संबंधित 1.44 लाख फ़ीट से अधिक 16-एम0एम0 फ़िल्म; 103,575 फ़ोटोग्राफ, 29,800 ट्रैन्सपरेंसी, 5,970 घंटों की श्रव्य रिकार्डिंग और 2,470 घंटों की वीडियो रिकार्डिंग है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान तैयार की गई श्रव्य और दृश्य रिकार्डिंग की सूची परिशिष्ट-7 में दी गई है। इनमें से अधिक महत्त्वपूर्ण रिकार्डिंग का उल्लेख नीचे किया गया है।

रुक्मिणी देवी अरुणदेल दवारा रचित चार नृत्य-नाटिकाओं अंदाल चरितम्, अभिज्ञान शाकुंतलम्, चूड़ामणि प्रदानम और महा पटट्राभिषेकम् - की मद्रास में कला क्षेत्र के वार्षिक समारोह के दौरान वीडियो फ़िल्म तैयार की गई थी। इसके अतिरिक्त परियोजना की अकादेमी की समन्वयक लीला् सेम्सन द्वारा शारदा हॉफमैन, एस0 शारदा, राजाराम और कमला रानी के साक्षात्कारों की भी वीडियो रिकार्डिंग की गई। साथ ही कक्षा के शिक्षण सत्रों की भी वीडियो रिकार्डिंग की गई थी।

नाट्योत्सव के कार्यक्रमों - कूचिपूड़ि नृत्य-नाटक और संबद्ध परंपराओं के हैदराबाद में आयोजित समारोह की वीडियो रिकार्डिंग भी की गई। कूचिपृड़ि और संबद्ध परंपराओं, यथा भागवत मेला, तोरपू भगवतम आदि के गुरुओं के व्याख्यान-निदर्शन भी रिकार्ड किए गए। इस समारोह में जिन और महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों की रिकार्डिंग की गई उनमें वेदांतम सत्यनारायण शर्मा, वेम्पति चिन्ना सत्यम, जोस्युला कृष्णामूर्ति और पी0 संगीता के साक्षात्कार सम्मिलित हैं।

अकादेमी की रत्न सदस्यता तथा पुरस्कार से सम्मानित उस्ताद बिस्मिल्लाह खां, उस्ताद रहीम फहीमउद्दीन डागर तथा उजरा बट्ट के पुरस्कार समारोह के दौरान विस्तृत साक्षात्कार रिकार्ड किए गए।

भरतनाट्यम के गुरुओं यथा यू0 एस0 कृष्णा राव और चंद्रभाग देवी के विस्तृत साक्षात्कार बंगलौर में रिकार्ड किए गए। उनकी प्रमुख शिष्या सोनल मान सिंह ने उनका साक्षात्कार लिया और निदर्शन भी प्रस्तुत किए।

धर्मस्थल, कर्नाटक में राष्ट्रीय छाया पुतुल कला समारोह और कार्यशाला की भी वीडियो रिकार्डिंग की गई थी। कर्नाटक में छाया पुतुल कला के सबसे अधिक अनुभवी प्रतिपादक होम्बय्या के साथ साक्षात्कार भी इस अवसर पर रिकार्ड किया गया।

कलाक्षेत्र प्रतिष्ठान के 44वें कला उत्सव में कलाक्षेत्र, मद्रास द्वारा महापट्टाभिषेकम, एक नृत्य नाटिका।

कूचिपूड़ि गांव आन्ध्र प्रदेश में प्रदर्शन करते हुए गुरु वेदान्तम रत्तय्या शर्मा।

संगीत नाटक अकादेमी स्टूडियो में उस्ताद रहीम फहीमुद्दीन डागर अपने ध्रुपद की रिकार्डिंग कराते हुए।

भरतनाट्यम गुरु चन्द्रभागा देवी (बीच में) भुजाओं और हाथों की एक मुद्रा का प्रदर्शन करते हुए – वे और उनके पति यू.एस. कृष्ण राव (बांए) बंगलौर में अपने घर पर सोनल मान सिंह (दायें) से बातचीत करते हुए।

धर्मशाला कर्नाटक में राष्ट्रीय छाया पुतुल उत्सव के दौरान गुरु पुतुल कलाकार के. कपालु होम्बय्या(बायें) एक साक्षात्कार में भाग लेते हुए।

कथक गुरु रामलाल एक प्रदर्शन करते हुए।

पयनगड़ी, केरल में रक्तेश्वरी तेय्यम् की रिकार्डिंग।

दांए : पयनगड़ी, केरल में चेन्दास और एडक्का की रिकार्डिंग के साथ तेय्यम प्रदर्शन का आरम्भ।

तेय्यम

केरल के जिला कन्नूर के गाँव अतियाड्रम में तेय्यम की वीडियो फिल्म और फोटो-प्रलेखन की एक परियोजना प्रारंभ की गई थी। इस परियोजना से डॉ० ए० के नाम्बियार, जॉन मथाई, सेंटर, त्रिशूर, श्री के० एम० राघवन नाम्बियार, संपादक, केरल संगीत नाटक अकादेमी और श्री एन० राधाकृष्णन संबद्ध थे। कुल मिलाकर 33 तेय्यमों (इनमें एक मुस्लिम तेय्यम था) को उनके अनुष्ठानों और तोट्टम और कोलम के पाठों को चार गुरुओं (एम० पी० कन्नन मुत्तुड़न, के० पी० धर्मण पणिकर, ए० कन्नन पेरुवन्नन और के० वी कन्नन पेरुवन्नन) के अधीन रिकार्ड किया गया था।

तेय्यम की एक पृथक परियोजना में दो प्रसिद्ध तेय्यम मंदिरों यथा श्री कुण्णवन मचिलोटु भगवती मंदिर और श्रीकूरबां मंदिर में समारोहों के दौरान 400 से अधिक स्लाइड बनाए गए थे। इन मंदिरों में वन्नों और मलयों ने तेय्यम प्रदर्शन किये। विवरणात्मक स्वरों के साथ यह प्रलेखन पेपिता सेठ द्वारा किया गया है जिन्हे इस परियोजना के लिए अनुदान दिया गया था।

वीडियो फिल्में

मयूरभंज के छऊ नृत्य पर एक 20 मिनट की वीडियो फिल्म पहले तैयार की गई थी। समीक्षाधीन अवधि के दौरान इस फिल्म का बढ़ा हुआ 40-मिनट का रूपांतर प्रख्यात गुरुओं के निदर्शनों को मिलाकर तैयार किया गया है। प्रख्यात भरतनाट्यम नट्टुवन्नार गुरु सुब्बारया पिल्लै पर एक वीडियो-फिल्म भी तैयार की गई है।

संग्रहालय

अकादेमी अपने प्रारंभ से ही संगीत वाद्ययंत्रों, मुखौटों एवं शिरस्त्राणों, पुतलियों और अन्य सामग्रियों का संग्रह करती आ रही है। फिर भी, व्यवस्थित रूप से सामग्री का संग्रहण वर्ष 1968 से ही आरंभ हुआ, जब अकादेमी ने लोक और जनजतीय संगीत वाद्य-यंत्रों की एक मुख्य प्रदर्शनी का आयोजन किया। तब से संग्रहालय में नियमित रूप से संग्रहण किया गया और इनमे संगीतज्ञों और अभ्यागत मंडलियों से उपहार के रूप में प्राप्त वस्तुएँ भी शामिल हैं। अब संग्राहलय में लगभग 1300 वस्तुएँ हैं जिनमें से 250 को गैलरी में प्रदर्शनार्थ रखा गया है। इसमें मुख्य रूप से लोक, जनजतीय और शास्त्रीय संगीत वाद्ययंत्र हैं। इसमें मुखौटों, पुतलियों, पोशाकों और अन्य हस्तकृतिथों का भी पर्याप्त संग्रह है।

वस्तुओं का व्यवस्थित संख्यांकन, परिग्रहण, अनुक्रमणी और सूची-पत्र तैयार करने का कार्य लगभग दो वर्ष पहले शुरू किया गया था। यह कार्य वर्ष 1995-96 में भी जारी रहा।

अकादेमी द्वारा आयोजित विभिन्न समारोहों के अवसर पर विशेष प्रदर्शनियाँ लगाई गईं।

पुस्तकालय और श्रृव्य/दृश्य पुस्तकालय

पिछले कई वर्षों में अकादेमी के पुस्तकालय में प्रदर्शनकारी कलाओं पर पुस्तकों का एक विशिष्ट संग्रह किया गया है, इनमें से बहुत-सी पुस्तकें ऐसी हैं जो या तो दुलर्भ हैं या जिनका प्रकाशन बन्द हो गया है। मुख्य रूप से प्रदर्शनकारी कलाओं के छात्रों और अनुसंधानकर्ताओं की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पुस्तकालय में देश-विदेश की लगभग 100 पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं और पुस्तकालय में अब कुल पुस्तकों की संख्या 20,262 है।

श्रृव्य/दृश्य पुस्तकालय के संग्रह में अब 9,667 डिस्क, 1051 प्री-रिकार्डिड कैसेट और 763 से अधिक ऑडियो कैसेट हैं।

संग्रह में अब नृत्य, संगीत और नाटक के 59 वीडियो कैसेट के अलावा भारतीय संगीत के 50 से ऊपर कम्पेक्ट डिस्क भी शामिल हैं।

बजट तथा लेखा

अकादेमी को अपनी गतिविधियों पर होने वाले व्यय को पूरा करने के लिए भारत सरकार के संस्कृति विभाग से सहायता अनुदान प्राप्त होता है। वित्त वर्ष 1995-96 में योजनेतर और योजनागत व्यय के लिए अकादेमी का बजट इस प्रकार था :

अनुमान	बजट अनुमान 1995-96 (रुपए हजार में)	संशोधित अनुमान 1995-96 (रुपए हजार में)
योजनेतर	1,46,00	1,46,00
योजनागत	3,10,00	3,10,00

वार्षिक लेखाओं का समेकित विवरण, जिसमें प्राप्ति और अदायगी लेखा, आय तथा व्यय लेखा और संगीत नाटक अकादेमी एवं इसकी घटक इकाइयों - जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी, इम्फाल, कथक केंद्र और रवींद्र रंगशाला, दिल्ली का 1995-96 का तुलन-पत्र सम्मिलित हैं, परिशिष्ट 12 से 17 में दिया गया है।

सांस्कृतिक संस्थाओं और व्यक्तियों को वित्तीय सहायता

अकादेमी अपने स्थापना काल से ही संगीत, नृत्य और नाटक की संस्थाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करती आ रही है। अनुदान समिति, जो देश भर की संस्थाओं से आए आवेदन-पत्रों पर विचार करती है, ने वित्तीय वर्ष 1995-96 (परिशिष्ट-8) में 33,37,000/- रूपए एवं 1,67,000/- रुपए क्रमश: 222 सांस्कृतिक संस्थाओं और 13 पुतुल दलों को अनुदान राशि देने की सिफारिश की। ये अनुदान विभिन्न प्रयोजनों के लिए थे जिनमें प्रशिक्षण, प्रस्तुतियाँ, तकनीकी उपकरणों की खरीद आदि सम्मिलित हैं। अध्यक्ष के विवेकानुदान से 70,000/- रुपए की राशि मंजूर की गई (परिशिष्ट-9)। पुतुलकला संस्थाओं को मंजूर की गई अनुदान राशि का विवरण परिशिष्ट-5 में दिया गया है। वे सस्थाएँ जिन्होंने संगीत और नृत्य के समारोह आयोजित करने और संगोष्ठियों एवं कार्यशाला आयोजित करने के लिए अनुदान प्राप्त किया है उनकी सूची परिशिष्ट-11 में दी गई है। प्रदर्शनकारी कलाओं में अनुसंधान के लिए व्यक्तियों को संस्वीकृत परियोजना अनुदान की सूची परिशिष्ट-10 में दी गई है।

हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

अकादेमी में राजभाषा नीति के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है। इस समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही को हुई जिसमें अकादेमी के कार्य में हिंदी के प्रयोग की प्रगति की समीक्षा की गई।

हिंदी सप्ताह 14 सितंबर, 1995 से मनाया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं और हिंदी भाषी और अहिंदी भाषी कर्मचारियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

श्री टी. वीरेंद्रन द्वारा हिंदी में निर्मित और निर्देशित "वृत्तचित्र" का एक दृश्य कैसेट अकादेमी के स्टाफ को दिखाया गया था।

अकादेमी ने कार्यालय के पत्र-व्यवहार, विज्ञापनों और प्रचार सामग्री में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग किया।

आकदेमी की वर्ष 1994-95 की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा-परीक्षित लेखाओं को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में मुद्रित किया गया। कथक केन्द्र का विवरण-पत्र, आकदेमी का संगम ज्ञापन, सेवा उप नियम हिन्दी में अनूदित किए गए।

स्मृति में

उन महान कलाकारों की स्मृति में जिनका आलोच्य वर्ष के दौरान निधन हो गया था। आलोच्य वर्ष के दौरान पिछले वर्षों में अकादेमी द्वार सम्मानित कलाकारों सहित प्रदर्शन कलाओं के अनेक विख्यात कलाकारों का देहावसान हो गया।

विख्यात भागवत मेला नाटक कलाकार **श्री जी. स्वामीनाथन** का देहावसान 29 मई 1995 को हुआ। आपको 1980 में अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

सरायकेला के छऊ नृत्य के विख्यात प्रतिपादक **बिक्रम कुम्भकार** का देहावसान 25 नवम्बर 1995 को हुआ। आपको 1990 में अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

विख्यात नाटककार, **उपेन्द्रनाथ अश्क** का देहावसान 19 जनवरी 1996 को हुआ। आपको 1965 में आकदेमी पुरस्कार से स्म्मानित किया गया था।

रंगमंच के विख्यात कलाकार, **एस.एस.एस. ठाकुर** का देहावसान 25 जनवरी 1996 को हुआ। आपको 1991 में अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

हिन्दुस्तानी वादक (वीणा) चित्तिबाबू का देहावसान 10 फरवरी 1996 को हुआ। आपको 1990 में अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

कथक केंद्र : दिल्ली

संगीत नाटक अकादेमी की एक घटक इकाई कथक केंद्र देश की एक अग्रणी नृत्य-शिक्षण संस्था है। वर्ष 1964 में स्थापित इस संस्था में कथक नृत्य और उससे संबद्ध विषयों, जैसे हिंदुस्तानी गायन और पखावज के बहुत से पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। प्रारम्भिक पाठ्यक्रम इस प्रकार हैं : 7-16 आयु वर्ग के छात्रों के लिए नृत्य में अंशकालिक पांच वर्षीय बुनियादी पाठ्यक्रम और 13-22 आयु वर्ग के छात्रों के लिए अंशकालिक तीन वर्षीय डिप्लोमा (पास) पाठ्यक्रम । नृत्य में उच्च पूर्णकालिक पाठ्यक्रम हैं - तीन वर्षीय डिप्लोमा (ऑनर्स) पाठ्यक्रम (16-24 आयु वर्ग के लिए) और दो वर्षीय पोस्ट- डिप्लोमा पाठ्यक्रम(19-26 आयु वर्ग के लिए)। हिंदुस्तानी गायन और पखावज वादन में तीन वर्षीय विशेष पाठ्यक्रम भी चलाए जाते हैं। नृत्य शिक्षकों और केंद्र के उन छात्रों के लिए, जिन्होंने डिप्लोमा (ऑनर्स) या पोस्ट-डिप्लोमा पाठ्यक्रम पूरे कर लिए हैं और कथक शिक्षण कार्य करना चाहते हैं, एक वर्ष का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम भी चलाया जाता है।

कथक केंद्र में एक प्रस्तुति एकक भी है जिसका उद्देश्य प्रयोगात्मक कार्य के माध्यम से कथक के रंगपटल और तकनीकों को समृद्ध करना है। केंद्र में जिन विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाता है, उनके लिए सुप्रतिष्ठित शिक्षकों की सेवाएँ उपलब्ध हैं।

केंद्र का प्रबंध संगीत नाटक अकादेमी के कार्यकारिणी मंडल के हाथ में है, जिसको सलाहकार समिति सहायता प्रदान करती है। सलाहकार समिति का अध्यक्ष संगीत नाटक अकादमी का उपाध्यक्ष है।

केंद्र - सेवा संगठन के रूप में

देश में और देश के बाहर प्रदर्शनों और शिक्षण आदि के लिए अन्य संस्थाओं को अपने प्रतिभावान नृत्य-शिक्षक-कलाकारों को भेजना जारी रखकर केंद्र ने एक महत्त्वपूर्ण सेवा प्रदान की है।

प्रस्तुति एकक

कथक केंद्र का प्रस्तुति एकक कथक नृत्य और संगीत का सुप्रसिद्ध रंगपटल है। बिरजू महाराज की अध्यक्षता में संचालित इस एकक ने कथक नृत्य शैली के रंगपटल के विस्तार में योगदान किया है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, प्रस्तुति एकक ने 22 से 23 नवंबर 1995 तक कमानी ऑडिटोरियम में पंडित बिरजू महाराज द्वारा ये समूह रचनाएँ प्रस्तुत कीं : पुराण कथा, विष्णुमाया, वात्सल्य की जीत तथा उषा और रात्रि । एकक ने कमानी ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में 3 और 4 जनवरी 1996 को ''मीरा हरि रंग राची'' और 6 और 7 जनवरी,1996 को ''शान-ए-अवध'' नामक दो नृत्य - नाटिकाएँ भी प्रस्तुत कीं।

उत्सव

दीक्षांतोत्सव

वार्षिक परीक्षा के एक भाग के रूप में 1 से 6 मई, 1995 तक श्रीराम सेंटर फार आर्ट एंड कल्चर, नई दिल्ली के ऑडिटोरियम में दीक्षांतोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष के 33 छात्रों ने भाग लिया । इस उत्सव में प्रस्तुत कार्यक्रमों से एकल प्रदर्शनकर्ता के रूप में केंद्र के छात्रों की योग्यता का मूल्यांकन करने में सहायता मिलती है।

छात्रोत्सव

केंद्र अपने छात्रों को मंचीय अनुभव प्रदान करने के लिए वर्ष, 1990 से छात्रोत्सव का आयोजन करता आ रहा है। इस उत्सव में प्रशिक्षण के विभिन्न स्तरों वाले छात्र भाग लेते हैं। गुरुओं द्वारा तैयार नृत्य संरचना संबंधी एकल प्रस्तुतियाँ और समूह प्रस्तुतियां भी पेश की जाती हैं। छात्रोत्सव का आयोजन कमानी ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में 18 से 19 सितंबर, 1995 तक किया गया था। निम्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए :

ताल- वाद्य : तबला वाद्ययोग नृत्य संरचनाकार गोविंद प्रसाद चक्रवर्ती; बहार: तालदर्शन और मोक्ष समूह नृत्यसंरचनाकार मुन्ना शुक्ला; भाव समर्पण समूह नृत्य संरचनाकार उर्मिला नागर; धमार : समूह नृत्यसंरचनाकार भारती गुप्ता; सरगम : समूह नृत्य संरचनाकार राजेंद्र कुमार गंगानी; और नीरा खंदूरी और इसरत जहाँ तबस्सुम द्वारा एकल प्रस्तुतियाँ तथा वरुण बनर्जी एवं प्रकाश करकरे द्वारा युगलगान।

शरच्चंद्रिका

यह केंद्र वर्ष 1984 से प्रत्येक वर्ष शरच्चंद्रिका उत्सव का आयोजन कर रहा है। इस उत्सव में उभरते हुए युवा नर्तकों को पूरे देश से आए अधिक अनुभवी नर्तकों के साथ नृत्य करने का अवसर मिलता है। इस उत्सव का आयोजन 13 से 15 अक्तूबर 1995 तक श्री राम सेंटर फार आर्ट एंड कल्चर, नई दिल्ली में किया गया। इसमें समस्त देश के 19 उभरते हुए और अनुभवी नर्तकों ने भाग लिया।

13 अक्तूबर,1995 को उत्सव के उद्घाटन दिवस पर उभरते कथक नर्तकों, यथा लखनऊ के मिथलेश कुमार और विकास पांडे और जयपुर की रीमा और गीतांजलि ने दो जुगलबंदियाँ पेश कीं। इसके पश्चात सुश्री प्रगति सूद, संतोष कुमार चटर्जी और श्री तीरथ अजमानी ने एकल प्रस्तुतियाँ पेश कीं। 14 अक्तूबर, 1995 को कार्यक्रम की शुरूआत सुश्री सोमा सेन की एकल प्रस्तुति से हुई और तत्पश्चात रवि शंकर तथा माता प्रसाद ने जुगलबंदी और योगिनी गांधी और रालकुमार जावादा ने एकल प्रस्तुतियाँ पेश कीं। रंजना श्रीवास्तव की प्रस्तुति के साथ उत्सव का समापन हुआ।

समापन दिवस (15 अक्तूबर 1995) पर उभरते युवा नर्तकों यथा प्रीति पोद्दार और नेहा संजय सोनार ने जुगलबंदी और नीलांजना सेनगुप्ता, शिवजी मिश्रा और रोशन दात्ये ने एकल प्रस्तुतियाँ पेश कीं। कार्यक्रम का समापन कथक केंद्र के प्रस्तुति एकक के कलाकार श्री कृष्ण मोहन मिश्र के एकल प्रदर्शन के साथ हुआ।

कथक महोत्सव, 1996

यह वार्षिक उत्सव कमानी ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में 24 से 27 फरवरी, 1996 तक आयोजित किया गया। इस समारोह में कथक नृत्य के प्रमुख दलों और संस्थाओं ने नृत्य रचनाएँ और कथक नृत्य से संबंधित कुद्द संगीत रचनाओं को प्रस्तुत किया।

24 फरवरी
पखावज वादन: राम किशोर दास
कविता कृति: नृत्यसंरचनाकार: राजेन्द्र कुमार गंगानी
संगति : ज्वाला प्रसाद
नर्तक: : नीरा खंदूरी, अनुराग वर्मा, स्वाति सिंहा, मोनिशा नायक, हरीश गंगानी, मनोज डबराल, प्रवीण गंगानी

24 फरवरी
समानांतर
नृत्यसंरचनाकार : चेतना जालान
नृत्यसंरचनाकार और संचालक : पं० शंकर घोष
सहायक नृत्यसंरचनाकार : मधुरिता राय
प्रस्तुतकर्ता : पदातिक डांस सेंटर, कलकत्ता
नर्तक : बिदिशा मजूमदार, नयनिका घोष, इंद्राणी बागची, रूपा गांगुली, अर्पिता घोष, चेतना जालान
फाइल-कथा
नृत्यसंरचना : पं० बिरजू महाराज

25 फरवरी
सारंगी वादन
एकल प्रस्तुति : हनुमान प्रसाद मिश्रा, उर्मिला
नृत्य संरचना: भास्वती मिश्रा
कोई कैद नहीं और प्रश्न चिह्न
नृत्यसंरचना: अर्जुन मिश्रा

चतुरंग
